हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 सितंबर 2025

04 मनरेगा के संविदा इंजीनियर देंगे सामूहिक ...



07 पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध ...






### मंदिरों में माता के दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

# मां बिजासन के दरबार में आस्था का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर माता रानी के भक्तों की भक्ति और आस्था बढ़ती जा रही है। नगर के मां बिजासन माता मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है। साथ ही एक और जहां नगर मे विभिन्न स्थानों पर नवदुर्गा उत्सव समितियों द्वारा मां अम्बे की प्रतिमाएं विराजित की गईं, वहीं माताजी के दर्शन के लिए भक्तगणो का तांता लगा रहता है। वहीं मां बिंजासन माता मंदिर एवं मां हिंगलाज देवी मठ व जोगिणया देवी मंदिर में मां के लगे दरबार में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की होड़ लग रही है। नगर के प्राचीन मां बिजासन माता मंदिर से लोगों की गहरी आस्था जुडी है अल सुबह 5 बजे बिजासन माता की आरती की जाती है जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर माता के दर्शन कर भक्तों का दिन शुरू होता है। देवी मंदिरों मे कही देवी मां के भजन गूंज रहे हैं तो कही मंत्रोच्चारण द्वारा देवी मां की स्तुतियां की जा रही हैं। शंख व घंटियों की मधुर ध्वनि के मध्य भव्य आरती अल सुबह और रात्रि को नगर के मां बिजासन माताजी मंदिर, ठाकुर मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज देवी मठ एवं नगर के विभिन्न मंदिरों और दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा विराजमान माँ की प्रतिमाओं की आरती की जा रही है।



### श्रद्धालु कर रहे उपवास और आराधना

माता के अन्य भक्तों द्वारा नवदुर्गा उत्सव के चलते पूरे नौ दिनौ तक कठिन उपवास रखकर देवी की आराधना कर रहे हैं घर घर मे दुर्गा पाठ के श्लोक गुंजायमान हो रहे हैं नन्हे मन्ने से लेकर बड़े बुजुर्ग या फिर युवक वं युवतियां भक्ति भाव से मां की आराधना मे लीन नजर आ रहे हैं।

### सार्वजनिक पंडालों में मच रही गरबों की धूम

*नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि महापर्व पर नगर में कई सार्वजनिक पंडालों में घट स्थापना की गई है। इन पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। जहां प्रतिदिन माताजी की संध्या आरती के बाद आकर्षक गरबे हो रहे हैं। नगर के सार्वजनिक पंडालों में रात्रि में प्रतिदिन गरबों की धूम मच रही है। युवतियां, महिलाएं, बालिकाएं एवं युवा रंग बिरंगी पोशाकों में सज धज कर प्रतिदिन अलग अलग मुद्राओं के आकर्षक गरबे कर रहे हैं। इन गरबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं।*




## नवरात्रि पर प्रतिदिन चुनर यात्राएं पहुंच रही मां बगलामुखी के आंगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व क्षेत्र का सबसे बड़ा महापर्व बन चुका है। क्षेत्रवासी भिन्न-भिन्न तरीकों से शक्ति की आराधना कर रहे हैं। इसी कड़ी में अगाध आस्था लिए नगरवासी के साथ ग्रामीणजन चुनर यात्राओं के माध्यम से मां बगलामुखी के आंगन में पहुंचकर चुनर माता रानी को समर्पित कर रहे हैं। चुनर यात्राओं के आगमन से पूरा नगर धर्ममय बना हुआ है। सिद्धपीठ पर नगर सहित क्षेत्र के कई स्थानों से चुनर यात्राएं पहुंच रही है। चुनर यात्राओं में बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण जन शामिल रहते हैं। चुनर यात्राओं में महिलाएं सिर पर चुनर धारण कर नंगे पैर हाथों मे लेकर चल रही वही पुरुष वर्ग डीजे, बैंड व ढोलक की थाप पर थिरकते चल रहे। चुनर यात्राओं के सिद्धपीठ पहुंचने के बाद भक्तों द्वारा आस्था के साथ चुनर मां को समर्पित की जा रही।

### मां के दर पर लहरा रही सजीली चूनर



नवरात्रि पर्व के दौरान माता मंदिर पर विभिन्न स्थानों से चूनर यात्राओं का आगमन हो रहा है। प्रतिदिन नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से निकलने वाली कई चूनर यात्राएं मां के दर पर पहुंच रही है। यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीण व महिलाए माता के जयकारे लगाते हाथों चूनर थामे नंगे पैर शामिल हो रहे है। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर पहुंचकर मातारानी के दर्शन कर मां के चरणो में चूनर समर्पित की जा रही है। चूनर यात्राओं में शामिल भक्तों द्वारा मंदिर के समीप पीतांबरा सेवा समिति द्वारा संचालित भंडारे में भोजन प्रसादी का लाभ भी लिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप में**

### नहाने गए युवक का शव नदी में मिला, जांच जारी

**नलखेड़ा।** घर से नहाने का बोल कर निकले युवक का शव लखुंदर नदी में मिला। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम द्वारा शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई व शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया। शुक्रवार को नलखेड़ा थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार दीपक पिता कैलाश भिलाला उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मनासा गुरुवार दोपहर को परिजनों को लखुंदर नदी में नहाने का बोल कर निकाला था इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार दोपहर को बड़ी पुलिया के समीप स्थानीय लोगों ने नदी में शव देखा। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक को नदी से बाहर निकाला गया। तथा उक्त युवक को तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा शव की पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया तथा शव का पीएम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया।

## दादावाड़ी में विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन व खनन मुहूर्त संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्रीपार्श्वकुशल जैन मंदिर दादावाड़ी के प्रांगण में धर्मशाला, उपाश्रय, ऑफिस के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं खनन मुहूर्त लाभार्थी परिवारों के द्वारा संपन्न हुआ। सरल मना श्री विजयप्रभा श्री जी म.सा. तथा परम पूज्य चंद्रमणि श्री चंदनबाला श्रीजी महाराज साहब की प्रत्यक्ष कृपा दृष्टि से नगर में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू रत्ननिधि श्रीजी म.सा, प.पू पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में पार्श्वकुशल मंदिर दादावाड़ी के पवित्र प्रांगण में शुक्रवार प्रातः 8 बजे से धर्मशाला, उपाश्रय, ऑफिस के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं खनन मुहूर्त लाभार्थी परिवारों द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया गया। ऑफिस के निर्माण कार्य का भूमि पूजन अरविंद कुमार सौरभ सिंघवी परिवार, उपाश्रय का पारसमल भेरुलाल सकलेचा परिवार, धर्मशाला का हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया परिवार द्वारा किया गया। विधि विधान के लिए प्रवीण जैन रुणीजा आए थे। इस अवसर पर दादावाड़ी परिसर में श्री संघ की ओर से नवकारसी कार्यक्रम भी रखा गया।

### कलेक्टर ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने सेवा पखवाड़ा के तहत आईटीसी मिशन सुनहरा कल, सीपा संस्था, प्रथम संस्था और एनसीएचएससी संस्था द्वारा स्वच्छता का संदेश देने के लिए आयोजित स्वच्छता रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना और लोगों को 'स्वच्छ भारत' के लक्ष्य से जोड़ना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस रैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने रैली में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। यह स्वच्छता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ हुई और हाथ में तख्तियां लिए हुए एवं स्वच्छता के नारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ टाउन हॉल पहुंची। रैली के दौरान सभी नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत आदत है। टाउन हॉल पहुंचने के बाद सभी प्रतिभागियों ने मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया और साफ-सफाई की। इस अवसर पर रैली में शामिल सभी युवाओं और अन्य प्रतिभागियों ने प्रति वर्ष 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की शपथ ली।

## स्कूली छात्राओं ने हर्षोल्लास और भक्तिभाव से किया गरबा रास

**सीहोर।** इन दिनों हर ओर शक्ति की भक्ति का वातावरण व्याप्त है। माँ दुर्गा के पंडालों के बाद अब विद्यालयों में भी माँ भगवती की आराधना हेतु गरबा रास का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह ब्लू बर्ड स्कूल में ऐसा ही एक मनमोहक दृश्य देखने को मिला, जहाँ गरबा नृत्य के माध्यम से 300 से अधिक छात्राओं ने माँ जगदंबा की स्तुति की।

यह दो दिवसीय गरबा महोत्सव गुरुवार को आरंभ हुआ। इससे पूर्व छात्राओं को उनकी शिक्षिका द्वारा 10 दिनों तक गरबा की विभिन्न स्टेप्स का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षिका ज्योति विश्वकर्मा ने बताया कि छात्राओं को तीन प्रमुख स्टेप्स सिखाई गईं, जिनमें कुल 56 काउंट्स शामिल हैं। इस वर्ष आयोजन में स्कूल के म्यूजिक बैंड ने गरबे के गीत गए। आयोजन ब्लू बर्ड स्कूल के पचामा प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा एवं डाइट प्राचार्य अनिता बड़गुजर उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. शर्मा ने कहा, एक छात्र के जीवन में जितनी महत्वपूर्ण पढ़ाई होती है, उतनी ही आवश्यक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ भी होती हैं।



इन्हीं गतिविधियों से व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव होता है। वहीं डाइट प्राचार्य अनिता बड़गुजर ने कहा, एक बालिका दो घरों को संवारती है। आज जो कला आप यहां सीख रही हैं, वह न केवल अपने वर्तमान घर में उपयोगी होगी, बल्कि भविष्य में आपके नए घर में भी इसे सिखाने का अवसर मिलेगा। यह गरबा महोत्सव शुक्रवार को समापन के साथ पूर्ण होगा।



## नवकार महामंत्र जाप अभियान की पूर्णाहुति पर शोभायात्रा आज निकलेगी

### सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा था कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा था। इस महामंत्र जाप महा अभियान की पूर्णाहुति पर जैन समाज जनों द्वारा शनिवार को नगर में शोभा यात्रा के साथ श्री नवकार महामंत्र महापूजन कार्यक्रम भी रखा गया है।

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में नलखेड़ा की पुण्य धरा पर विश्व शांति हेतु घर-घर नवकार, हर घर नवकार। संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि दायक 68 दिवसीय श्री नवकार महामंत्र जाप महा अभियान के तहत नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा था। इस जाप अभियान की पूर्णाहुति 26 सितंबर को हुई। 27 सितंबर शनिवार को प्रातः 8 बजे से 68 दिवसीय नवकार कलश के लाभार्थी परिवारों के साथ मंगल कलश के मुख्य लाभार्थी देवचंद विपिन कुमार ठाकुरिया परिवार द्वारा श्री नवकार महामंत्र महापूजन विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया जाएगा। तत्पश्चात उपाश्रयजी से मंगल कलश की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। नगर भ्रमण कर मंगल कलश को लाभार्थी ठाकुरिया परिवार के घर पर श्री संघ एवं साध्वी मंडल के साथ ले जाया जाएगा। इस अवसर पर श्री संघ की ओर से जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है।

**सेवा पखवाड़ा अंतर्गत...**

## पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विकासखंड के ग्राम धरोला के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रतिदिन शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ विद्यार्थियों के बीच विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही है। शुक्रवार को शिक्षक विशाल जैन, गिरिराज पाटीदार और पारस पाटीदार के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत आईटीआई कॉलेज नलखेड़ा का भ्रमण किया एवं भविष्य में काम आने वाली कई उपयोगी जानकारियां प्राप्त की। इसके पूर्व विगत दिनों में समूह चर्चा, क्विज प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता,संतुलित आहार चार्ट प्रतियोगिता जैसे आयोजन भी किए गए जिनमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

### मनोकामना को लेकर भक्त कर रहे सिद्धपीठ पर हवन अनुष्ठान

## मां बगलामुखी का प्रतिदिन किया जा रहा मनोहारी श्रृंगार, भक्ति में डूबे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान कर रहे हैं। अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली मां बगलामुखी के दरबार में शक्ति के इस सबसे बड़े पर्व शारदीय नवरात्रि के दौरान भक्त माता रानी की भक्ति में डूबे हुवे है। पर्व को लेकर मां बगलामुखी का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है। जिसकी एक झलक पाने के लिए यहां आने वाले भक्त अपनें को धन्य समझ रहे हैं।

माता रानी की मंगला एवं संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। मान्यता है कि सिद्धपीठ पर किसी भी भक्त द्वारा मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान किया जाता है तो उसकी मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इसी के चलते नवरात्रि पर्व के दौरान सैकड़ो भक्तों द्वारा प्रतिदिन हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं।



गौरतलब है कि सिद्धपीठ पर अपनी मनोकामना को लेकर देश के कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मंत्री, केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, अन्य राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, न्यायाधीश आदि हवन अनुष्ठान कर चुके है एवं लगभग प्रतिदिन कर भी रहे है। वर्तमान में शारदीय नवरात्रि के दौरान कई मंत्री, वीआईपी के साथ ही आमभक्तो द्वारा भी अपनी मनोकामना को लेकर मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

शारदीय नवरात्रि पर्व को देखते हुवे मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सिद्धपीठ पर हवन कुंड की संख्या भी बढ़ा दी गई है। जिससे भक्तों को हवन अनुष्ठान के लिए इंतजार नही करना पड़े। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए हवन की ऑनलाइन बुकिंग भी की जाती है। पर्व के इन दिनों में माता रानी की मंगला आरती प्रातः 6:00 बजे वह संध्याकालीन आरती 7:30 बजे हो रही है। आरती में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### नगर में नवरात्रि की धूम, माता की भक्ति में डूबे भक्त

**भौरासा।** बाबा भवरनाथ की धार्मिक नगरी भौरासा नगर में नवरात्रि पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नगर में कई जगह सुंदर व आकर्षक माता की प्रतिमाएं विराजित कर पारंपरिक गरबे का आयोजन भी किया जा रहा है। रंग-बिरंगे परिधानों में बालिकाओं द्वारा पारंपरिक गरबा नृत्य कर मां अंबे की आराधना की जा रही है।जहां नगर में अलग-अलग मोहल्लों, गली, चौराहों पर मंच बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस कड़ी में नगर के बस स्टैंड पर न्यू लायंस क्लब, बिजासन क्लब, न्यू आराधना,गोल्डन क्लब, मां भवानी क्लब, वैष्णो देवी क्लब, श्रद्धा क्लब, स्टैंडर्ड क्लब,संगठन क्लब, अध्याय ग्रुप, बाबा अमरनाथ क्लब सहित अन्य चौराहो पर भी मां जगदंबे की स्थापना की गई है। पूरा नगर मानो भक्तिमय माहौल में डूब गया हो।

### 14 साल के सीएम राइज स्कूल के छात्र और फल विक्रेता ने फांसी लगाई

**देवास।** शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। पहली घटना में सीएम राइज स्कूल का 14 वर्षीय छात्र गर्वित पवार ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर फांसी लगा ली। गर्वित के पिता अर्जुन सिंह पवार गुरुकुल स्कूल में शिक्षक हैं। उसकी मां एक निजी अस्पताल में कार्यरत हैं। गर्वित का बड़ा भाई एक निजी कंपनी में काम करता है। परिजनों ने सुबह गर्वित को फांसी पर लटका हुआ पाया। पुलिस जांच में सामने आया कि गर्वित ने पानी के जार पर चढक़र फांसी लगाई। वह कक्षा 9वीं का मेधावी छात्र था और घटना से एक दिन पहले स्कूल भी नहीं गया था। दूसरी घटना मोमिनटोला परमानंद कालोनी की है। यहां फल विक्रेता मोहसीन ने किराए के मकान में फांसी लगा ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। उनके बड़े भाई अजमेर गए हुए थे और पत्नी मायके गई हुई थी। मोहसीन को उनकी भाभी ने फांसी पर लटका हुआ पाया। मकान मालिक के अनुसार, मोहसीन पिछले एक साल से वहां किराए पर रह रहे थे।

## विवादित टिप्पणी से आहत कांग्रेसियों ने मंत्री विजयवर्गीय का फूंका पुतला

# सस्ती लोकप्रियता पाने गांधी परिवार पर टिप्पणी कर सुर्खियों में आएः कांग्रेस

**25 सितम्बर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शाजापुर में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए दिया था विवादित बयान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस जनों में गहरा आक्रोश है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संस्कारों की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के मंत्री यदि सार्वजनिक रूप से भाई-बहन के रिश्तों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करें, तो यह उनके संस्कारों को दर्शाता है। राहुल गांधी पर की गई। विजयवर्गीय की विवादित टिप्पणी से आहत कांग्रेसियों ने शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने नारेबाजी करते हुए मांग की कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तत्काल कैलाश विजयवर्गीय को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें।

### शहर, जिला अध्यक्ष ने की निंदा

कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय की कड़ी निन्दा की। मंत्री के पुतला दहन के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि यह बयान सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास है। भाजपा नेताओं का अब यह ट्रेंड बन गया है कि वे गांधी परिवार पर अनर्गल टिप्पणियाँ करके सुर्खियों में आएं। कांग्रेस पार्टी ऐसे बयानों की घोर निंदा करती है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार में मंत्री विजयवर्गीय हाशिए पर डले हुए है और उन्हीं के जूनियर सीएम बने हुए है। वो किसी भी तरह इस पद को हथियाना चाहते है। गांधी परिवार ऐसा टारगेट बना हुआ है जिस पर टिप्पणी करनें से सुर्खियों बटोरी जा सकती है। खोई हुई लोकप्रियता हासिल करने के लिए और मोदी को अपनी वफादारी जताने के लिए इस तरह का बयान दिया है।





### मंत्री का विवादित बयान

दरअसल 25 सितम्बर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शाजापुर में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए विवादित टिप्पणी की थी। विजयवर्गीय ने सार्वजनिक कार्यक्रम में टिप्पणी करते हुए कहा था कि हमारे नेता प्रतिपक्ष ऐसे है जो बीच चौराहे जवान बहन को चुंबन करते हैं', यह संस्कारों का अभाव है वे विदेशी संस्कृति से प्रभावित है। इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई। कांग्रेस ने प्रदेश भर में मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंकने का कार्यक्रम शुरू किया।

इसी कड़ी में शुक्रवार को देवास कांग्रेस ने शहर के एबी रोड़ पर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंक दिया। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व महापौर रेखा वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, प्रदीप चौधरी, सुधीर शर्मा, नजर शेख, गुरचरण सिंह सलूजा, , रोशन रायकवार, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह गौड़, दीपेश कानूनगो चंद्रपाल सिंह सोलंकी, जितेंद्र सिंह मंटू, एजाज शेख, सुजीत सांगते परवेज शेख विश्वजीत सिंह चौहान, ज्ञान सिंह दरबार, प्रतीक शास्त्री, , प्यारे मियां पठान, अविनाश जेठवा हिम्मत सिंह चावड़ा, दिग्विजय सिंह झाला, श्रीकांत चौहान, हर्ष प्रताप सिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## मनरेगा के संविदा इंजीनियर देंगे सामूहिक इस्तीफा

**संविदा नीति को लेकर है नाराज**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम में संविदा आधार पर पिछले डेढ़ दशक से सेवाएं दे रहे इंजीनियरों ने अब आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी दी है। मनरेगा अभियंता संघ मप्र के बैनर तले जिलेभर के इंजीनियरों ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत कार्यालय में ज्ञापन (स्मरण पत्र) देकर चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के अंदर उन्हें संविदा नीति 2023 का लाभ नहीं मिलता है तो वह सामूहिक रुप से इस्तीफा दे देंगे और परिवार के साथ आत्महत्या करने को विवश होंगे। ज्ञात हो कि मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के आहवान पर प्रदेश भर के 1335 संविदा इंजीनियर पिछले 43 दिनों से कलम बंद हड़ताल पर हैं, जिससे पंचायत के काम प्रभावित है। इंजीनियर अध्यक्ष विनोद चंद्र नायर ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में नई संविदा नीति 22 जुलाई 2023 को लागू की गई थी। जिसका लाभ ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य, पाठ्य पुस्तक निगम सहित अन्य विभागों को मिल रहा है, लेकिन मनरेगा में काम करने वाले इंजीनियरों पर इसे अब तक लागू नहीं किया गया। संघ की मांग है कि मनरेगा इंजीनियरों की किसी गलती पर संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जगह उनका भी निलंबन किया जाए। दुर्घटनाग्रस्त इंजीनियरों को भी बीमा सहायता का लाभ दिया जाए। मृत संविदा उपयंत्रियों के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देकर सहायता मिले। रिटायर्ड संविदा इंजीनियरों को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। मनरेगा में संविदा नीति 2023 को लागू किया जाए एवं वेतन विसंगति दूर की जाए। मनरेगा इंजीनियरों ने ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि आगामी पांच दिन के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह सामूहिक रुप से इस्तीफा देंगे। इसके बाद विकास भवन भोपाल में माता-पिता, पत्नी और बच्चों को साथ लेकर आंदोलन करेंगे। यदि यहां पर भी बात नहीं बनी तो परिवार सहित आत्महत्या करने को विवश होंगे। जिसकी जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान संजीव शाक्य, राजकुमार बेसवाल, सय्यद जुलफुकार अली, जगदीश नरवरिया, भरत झकोरे, दीपक पटेल, श्याम पाल, आशीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई तीन वर्ष की सजा



**भौरासा।** टोंक खुर्द कोर्ट के आपराधिक प्रकरण क्रमांक 342/2025 शासन विरुद्ध सिद्धार्थ उर्फ गोल्डी जैन आदि मामले में दिनांक 24 सितम्बर को कोर्ट ने आरोपियों को दोषी पाते हुए 3-3 वर्ष की सजा से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार 14 अगस्त 2019 को थानां टोंकखुर्द पर फरियादी कैलाश जैन पिता फूलचंद जैन उम्र 65 वर्ष निवासी सदर बाजार टोंक खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी सिद्धार्थ उर्फ गोल्डी जैन, मुकेशचंद्र जैन और विपिन जैन तीनों निवासी टोंकखुर्द ने उसकी दुकान पर आकर गाली गलौच की एवं मना करने पर लाठी-डंडे से हमला कर मारपीट की, जिससे फरियादी को गंभीर चोट आई। प्रकरण की विवेचना सउनि. मानसिंह गामोड ने कर कोर्ट में चालान में पेश किया। विचारण के बाद जेएमएफसी कोर्ट टोंक खुर्द न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय ने आरोपी सिद्धार्थ उर्फ गोल्डी पिता कोमल जैन उम्र 33 वर्ष, मुकेशचंद्र पिता स्व नेमीचंद जैन उम्र 70 वर्ष और विपिन पिता सुरेश जैन उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 07 टोंकखुर्द जिला देवास में से आरोपीगण सिद्धार्थ उर्फ गोल्डी जैन व ,मुकेशचंद्र जैन को धारा 325 भादवि में प्रत्येक आरोपी 03,03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 5000 ,5000 का अर्थदंड तथा धारा 323/34 भादवि 03 ,03 माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 1000,1000 हजार का अर्थदंड तथा आरोपी विपिन जैन को धारा 323/34 भादवि 03 माह का सश्रम कारावास एवं 1000 हजार का अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की और से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजक सीएस परमार ने की और कोर्ट मोहर्रिर राजेश परमार, कोर्ट मुंशी ओमप्रकाश चौहान एवं वारंट मुंशी यतीश मिश्रा का सहयोग रहा।

### तीन मंजिला मकान से गिरने के बाद महिला की मौत

**देवास।** शहर के शिखरजी धाम में एक तीन मंजिला मकान से गिरने के बाद एक महिला की मौत हो गई। शुक्रवार को हुई इस घटना में 35 वर्षीय राधा पति अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।जानकारी अनुसार, राधा शिखरजी धाम निवासी थीं और अपने नवनिर्मित मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़ी थीं। इसी दौरान पाइप का सहारा लेते समय वह अचानक नीचे गिर गईं।आसपास के लोगों ने महिला को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने राधा को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी और उन्हें मृत अवस्था में ही अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व छात्र ने कर्तव्य निभाते हुए स्कूल को दी भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र अनिल बिंजवा ने अपने विद्यालय के प्रति कर्तव्य निभाते हुए साउंड सिस्टम की मिक्सर मशीन भेंट की। अनिल बिंजवा ने वर्ष 2010 में इसी विद्यालय से हायर सेकंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वर्तमान में वे कमलापुर में एमपी ऑनलाइन व कियोस्क सेंटर संचालित कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।अनिल ने बताया कि उनके जीवन की सफलता का आधार इस विद्यालय की शिक्षा रही है। इसी शिक्षा ने उन्हें जीवन में आत्मनिर्भर बनाया, इसलिए उन्होंने स्वप्रेरणा से विद्यालय के लिए यह भेंट दी। इस अवसर पर विधायक मुरली भंवरा और विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनन्त नागर ने अनिल बिंजवा के इस योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। अनिल बिंजवा को विद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य महेशचंद्र बिंजवा, रीना मंडलोई, अमृता रघुवंशी, उर्वशी तिवारी, इंदर सिंह लिलोरिया, नसरीन खान, सीताराम मालवीय, ओम कँवर राणावत, रेखा जैन सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग ने जांच कार्रवाई में कमियां पाई जाने पर 6 स्कूल बसों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले ने आरटीओ जांच दल के साथ देवास शहर एवं जिले के ग्रामीण मार्गों पर चलने वाले स्कूली वाहनों की जांच की। जांच दल द्वारा सोनकच्छ, टोंकखुर्द एवं देवास शहरी में वाहनों की जांच की।

जिसमें मां जिनवाणी पब्लिक स्कूल की 2 बस, आदर्श पब्लिक स्कूल की 01 मैजिक वैन, अर्जुन कॉन्वेंट की 01 मैजिक वैन, टोंकखुर्द से महाकाल पब्लिक स्कूल की 01 बस तथा एक अन्य स्कूल वाहन जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 6 वाहनों की जप्ती की गई। इसके अतिरिक्त जांच कार्यवाही में 05 वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर 19 हजार 500 का चालान काटा गया। चौहान ने जिले के सभी स्कूली बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को स्कूल लाने अथवा ले जाने वाले स्कूली वाहनों के चालकों से उनके वाहन के दस्तावेज पूर्ण होने की जानकारी अवश्य ले लेवें, जिससे कि जांच के दौरान स्कूल वाहनों के दस्तावेज पूर्ण न होने पर बच्चों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जांच दल में जिला परिवहन अधिकारी सैनिक सरफराज खान, शाकिर खान, नीलेश साल्वे, भगत सिंह एवं बाबूलाल देवड़ा शामिल थे।

**स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत संजीवनी क्लीनिकों में लगे स्वास्थ्य शिविर**

# अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखनाः पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में “स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार” सेवा पखवाड़े का आयोजन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक किया जा रहा है। अभियान के तहत महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, मातृ एवं शिशु देखभाल हेतु जन-जागरूकता संबंधित गतिविधियां, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन पर सत्र का आयोजन, निक्षय मित्र नामांकन आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र सहित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत शहर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुए।

शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक शांतिपुरा में स्वास्थ्य शिविर देवास विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद धर्मेन्द्रसिंह बैस, भरत चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखना, परिवार में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित मातृत्व और पोषण पर विशेष ध्यान देना है। जिले के नागरिकों से अपील है कि वे इस सेवा पखवाड़े में सक्रिय भाग लें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ एवं सशक्त बनाएं।इसी प्रकार मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक सिविल लाईन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ नगर निगम सभापति रवि जैन ने किया। वार्ड 22 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक जवाहर नगर में पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा एवं वार्ड 08 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक त्रिलोक नगर में पार्षद राजेन्द्र ठाकुर ने स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सक, विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि और स्टाफ उपस्थित रहे।

## धार्मिक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नवरात्रि प्रारंभ होते ही मां कि भक्ति का उत्सव प्रारंभ हो चुका है, जो कि इस वर्ष 10 दिनों तक चलेगा। नगर चापडा में नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के बैनर तले विगत कई वर्षों से मां अंबिका चौक मंदिर पर नवरात्रि पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी धार्मिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ आयोजन किया जा रहा है। नगर के गुरु कुल पब्लिक स्कूल श्यामनगर , एनिमेट पब्लिक स्कूल गुराड़िया कला के बच्चों ने देश भक्ति और संस्कृतिक पर आधारित प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गरबा करने वाली बालिकाओं द्वारा गरबे के साथ ही अन्य धार्मिक भजनों पर प्रस्तुति दी गई। अतिथि डॉ. जेसी यादव, बद्रीलाल पाटीदार, कैलाश पाटीदार का समिति द्वारा स्वागत किया गया। आयोजन समिति द्वारा स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।मां अंबिका कि आरती आनंदीलाल पाटीदार, विकास पाटीदार,राजेश पाटीदार द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित रोडवेज बस डिपो शुरू करने की मांग

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष ने प्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद को ज्ञापन सौंपकर ललितपुर में लंबे समय से बनकर तैयार पड़े रोडवेज बस डिपो को शीघ्र शुरू करने की माँग की। ज्ञापन में कहा गया कि बस डिपो बनकर तैयार है लेकिन संचालन प्रारंभ न होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिपो शुरू होने पर न केवल यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञापन प्राप्त होते ही एमएलसी प्रतिनिधि ने तत्काल क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज संतोष कुमार एवं सहायक प्रवर्तन अधिकारी, कानपुर से फोन पर वार्ता की और ललितपुर की समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बस संचालन हेतु शीघ्र जारी की जाएगी। एमएलसी प्रतिनिधि की इस पहल से ललितपुर में बस डिपो शुरू होने की उम्मीद और तेज हो गई है।युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन,ब्रजेश गुप्ता,आंनद पटेल, आदि मौजूद रहे।

### महरौनी में अवैध खनन का मामला

**ललितपुर**। उपजिलाधिकारी महरौनी की कार्रवाई के दौरान अवैध खनन और परिवहन का बड़ा मामला सामने आया है। खान निरीक्षक सुदीप कुमार ने कोतवाली महरौनी में दी गई तहरीर में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 11.39 बजे गल्ला मंडी महरौनी में खड़ा ट्रक (संख्या यूपी 94 टी 8983, चेचिस संख्या एम.ए.टी. 808020 एम3एच 17666) में लगभग 30 घन मीटर गिट्टी लदी मिली। जांच के दौरान वाहन स्वामी या चालक कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। ऑनलाइन रिकॉर्ड में वाहन पर पहले से एक चालान लंबित मिला। खान निरीक्षक के अनुसार, वाहन को जब्त कर थाने ले जाने के दौरान वाहन स्वामी सौरभ परमार, निवासी टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) ने मौके पर मौजूद पीआरडी जवान को धमकाकर बलपूर्वक ट्रक को भगा लिया। पुलिस ने इस आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अवैध खनन व परिवहन से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने वाहन स्वामी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है और साक्ष्य के रूप में गल्ला मंडी में ली गई फोटो भी संलग्न की गई है।

### मंदिर से लौट रही महिला से की टप्पेबाजी

**तालबेहट/ललितपुर**। मंदिर से लौट रही महिला को बदमाशो ने पहले विश्वास में लिया और महिला से बाते करने लगे करीब 5 मिनट के वार्तालाप में महिला को विश्वास में देखकर बदमाशों ने महावीर स्वामी का नाम लेकर सोने के जेवरात उतारकर रखने के लिए कहा और महिला ने महावीर स्वामी का नाम लेकर जेवरात उतार जमीन पर रख दिए उसके बाद बदमाशो ने जेवरात उठाएं और लेकर रफू चक्कर हो गए, बताया जा रहा महिला शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपने घर के पास स्थित एक मंदिर से पूजा करके लौट रही थीं। वे जैसे ही कस्बे के एक्सिस बैंक के पास पहुंची दो लोग मिल गए और महिला से वार्तालाप कर महिला को विश्वास में लिया और सोने की जेवरात लेकर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना महिला ने अपने परिजनों को दी, जिन्होंने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ की और आसपास के लोगों से भी जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया जा रहा है। और सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा

---

### जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

# पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुंचाना सुनिश्चित करेंः चौहान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऊपर उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम व उनके शैक्षिक और आर्थिक स्तर को मजबूत करने तथा उनकी अन्य समस्याओं को जानने के लिए मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार उत्पीड़न आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति के समक्ष जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को विशेष रुप से निर्देशित किया कि वह जनपद में पीसीआर एक्ट एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से सम्बंधित मामलों की नियमित निगरानी करें तथा पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध करायें।विद्यालयों की दूरी अधिक होने से पढ़ाई छोड़ रही बालिकाओं पर चिंता जताई मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि शासन की मंशा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को न केवल सुरक्षा प्रदान की जाए, बल्कि उनके सामाजिक, आर्थिक विकास हेतु चल रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ भी उन्हें दिलाया जाए। बैठक में सतर्कता समिति की सदस्य संगीता ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालयों की दूरी अधिक होने के कारण पढ़ाई छोड़ रही बालिकाओं के प्रति चिंता व्यक्त की, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के आधार कार्ड न बनने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि वह अनुसूचित जनजाति बालिका साईकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 6, 9 व 11 में पढ़ने वाली जनजाति छात्राओं के अधिक से अधिक आवेदन कराकर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आधार कार्ड के लिए खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क कर ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध करायी गई आधार मशीनरी से क्षेत्र के लोगों के आधार कार्ड बनवायें।

### छात्रावास में असुविधाओं व अन्य समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित किया

इसी प्रकार से समिति के सदस्य दीपक गौतम ने अनुसूचित जाति, जनजाति राजकीय छात्रावास में छात्रों के लिए व्याप्त असुविधाओं साफ-सफाई व अन्य समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बिना नोटिस दिये छात्रों को निस्कासित करने की कार्यवाही कर दी जाती है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होती है, इस समस्या का समाधान किया जाए। समिति के सदस्य बाबूराम दुबे ने अनुसूचित जाति/जनजाति के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग,मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की उपस्थित रही। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनूसूचित जाति व जनजाति के लोगों के साथ अत्याचार की घटनायें होती हैं, जिन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनका पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व समिति के सदस्य बाबूलाल दुबे, संगीता, दीपक गौतम, कौशल वर्मा, आकाश चौहान उपस्थित रहे।

---

### अधिकारियों का संवाद कार्यक्रम

# जन संवाद ही विकास का आधारः सदर विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत सीरोन खुर्द में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त विभागीय अधिकारियों का संवाद कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला-पुरुष, युवा, किसान, बुजुर्ग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने शासन की योजनाओं से जुड़ी अपनी शिकायतें, समस्याएँ एवं सुझाव खुले मंच से व्यक्त किए। विधायक ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्राप्त शिकायत का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### संवाद कार्यक्रम की प्रमुख बातें

कृषि विभाग किसानों को समय पर खाद, बीज एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश। राजस्व विभाग लंबित नामांतरण, सीमांकन एवं खातेदारी संबंधी विवादों के त्वरित निस्तारण पर बल। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ कराने एवं शिविर लगाकर जाँच/टीकाकरण करने के आदेश। पंचायतीराज एवं जल संस्थान पेयजल की उपलब्धता, हैंडपंप मरम्मत एवं स्वच्छता मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश। शिक्षा विभाग प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था। समाज कल्याण विभाग झ्र पात्र लाभार्थियों को पेंशन, छात्रवृत्ति एवं योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर दिलाने की बात।

#### शासन की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ पात्र तक पहुंचे

अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होता है जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जनता आमने-सामने बैठकर संवाद करें। शासन की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का संकल्प है अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना। ग्रामवासियों ने विधायक के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से उन्हें अपने गाँव के विकास और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का लिखित अभिलेख रखा जाए तथा निस्तारण की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वह सदैव तत्पर हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, साइबर क्राइम सेल, महिला थानाध्यक्ष, सशक्त नारी टीम, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

### मां दुर्गा नवरात्रि महोत्सव

## भजनों में मां अंबे के नौ रूपों का वर्णन किया



**ललितपुर**। बैंक कालोनी में मां दुर्गा महोत्सव की अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा दुर्गा पूजा पंडाल में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा साँस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम के तहत माता दुर्गा के नौ रूपों की व्याख्यान के साथ नौ रूपों की भजनो के माध्यम से वर्णन किया जिस पर पंडाल में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों ने भजनों में सहयोग सत्संग किया इस अवसर पर ब्रह्मा कारण कुमारी आश्रम से बीके चित्रलेखा बीके प्रीति के पूजा बीके विद्यासागर बीके रोहित बीके महेश कंचन बीके स्वर्ण कंचन श्यामसुंदर गोस्वामी भागचंद त्रिपाठी सत्यनारायण उदित नारायण त्रिपाठी पुरुषोत्तम दुबे परमानंद द्विवेदी जयदेव दीक्षित रामबाबू हरि कृष्णा कश्यप अशोक तिवारी प्रेम शुक्ला अशोक स्वामी बाय भी उपाध्याय अनिल कुमार वर्मा बालकिशन तिवारी विनय श्रीवास्तव और अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### डिलीवरी कराने के नाम पर मांगा अवैध सुविधा शुल्क

## गर्भवती से डिलीवरी कराने के नाम पर आशा का रुपए लेते हुए वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गर्भवती महिला की डिलीवरी कराने के नाम पर रिश्वत मांगी और जब रिश्वत मिली तब उसकी डिलीवरी कराई गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। ब्लॉक महरौनी के अंतर्गत ग्राम सिलावन निवासी गर्भवती खूशबू अहिरवार का पेट दर्द करने लगा तो उनके पति महेंद्र अहिरवार सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी लेकर पहुंच गये, जहां आशा द्वारा नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की उसके बाद ही प्रसव कराने का कहा गया। पीड़ित 10 हजार रुपये देने में सक्षम नहीं था। इसलिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां भी आशा द्वारा सुविधा शुल्क मांगा गया। अन्यथा की स्थिति में झांसी रेफर करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने आशा को 5 हजार रुपए दे दिए जिसका वीडियो बना लिया और अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### जांच कमेटी गठित आज सौंपेगी रिपोर्ट

प्रसव कराने के नाम पर रुपये लिये जाने का दावा करने वाली वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो से सम्बन्धित एक शिकायती पत्र भी प्रशासन को भेजा गया है। प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद को जांच कर आख्या शनिवार को देने के निर्देश दिये हैं। इधर सीएमओ ने मामले की जांच के लिए कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिये हैं।

---

### बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

## निर्यापक मुनि सुधासागर का दीक्षा दिवस संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री दिगंबर जैन सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज का 43वां दीक्षा दिवस विद्यालय प्रांगण में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस महोत्सव में दिगंबर पंचायत समिति के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, देवोदय तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ कमेटी अध्यक्ष अनिल जैन अंचल,समाज श्रेष्टी शीलचंद अनोरा, अखिलेश गदयाना, महेंद्र मयूर,राजेंद्र जैन थनवारा , प्रफुल्ल कुमार जैन,संजीव जैन, सन्मति गांधी,अशोक जैन उमरिया दिलीप चौधरी, सुरेश बडेरा, वीर चंद्र जैन सराफ, पंकज जैन मोदी, वीणा जैन,अनीता मोदी, सीए रचना जैन, अनिल जैन मामा भांजा, श्रेयांश जैन गदयाना,प्रभात जैन लागोन द्वारा पूरे भक्ति भाव से मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का पूजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर स्तर एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों द्वारा मेहंदी एवं आरती सजाओ प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य कल्पना जैन, रजनी सक्सेना, पुष्पाजैन, मीना जैन सुषमा जैन सोनम जैन, कीर्ति झा, अस्मिता सेन, अक्षय जैन ,सुरेंद्र झा, शुभम झा, विजय कुमार जैन, रजनी सक्सेना, रुचि हुंडेत,अंजलि जैन, चंचल , रजनी जैन, अमृता जैन का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा किया गया।

### जलवायु जोखिमों के समावेशीकरण पर कार्यशाला संपन्न

## जलवायु परिवर्तन ग्रामों भी गंभीर चुनौतीः निरंजन

**ललितपुर**। जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम करने हेतु प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरीः अध्यक्ष ललितपुर। गोरखपुर एनवायरनमेंटल एक्शन ग्रुप एवं साई ज्योति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होटल में जिला पंचायत कार्ययोजना में जलवायु परिवर्तन के समावेशीकरण हेतु स्टेकहोल्डर्स की एवं दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न वर्ग के




प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज ग्राम स्तर पर भी गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं स्थानीय निकायों और समुदायों को समस्या समाधान में सशक्त बनाने में सहायक होंगे। उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण के साथ समझाया कि हमने जल संरक्षण का काम कर अपने जनपद के भूगर्भ जल स्तर में सुधार किया है। वन एवं पर्यावरण संरक्षण किया जाना भी अति आवश्यक है। उ कार्यशाला में विशेषज्ञों डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने द्वारा जलवायु जोखिम आकलन, जोखिम सुचित नियोजन, कृषि एवं जल प्रबंधन, तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों में मंजीत सिंह, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य, उमा शंकर चौबे पूर्व प्रधान, वासुदेव सिंह, शैलेन्द्र सागर, राजेन्द्र सिंह बजाज फाउंडेशन, सुनील जैन खजुजिया, कुन्ज बिहारी शर्मा, नन्दलाल राजपूत, मुकुल शर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, रुचिका सिंह बुन्देला शामिल रहे।

---

### विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

## इसरो के वैज्ञानिक ने जैनदर्शन के अनेक तथ्य किए उजागर





**ललितपुर**। वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के ससंघ में विज्ञान संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए इसरो के प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ राजमल जैन ने कहा कि अहिंसा में कर्म सिद्धांत अति प्राचीन सर्वोपरि हिंसा की जरूरत नही। उन्होने अनेक देशों में भ्रमण के दौरान देखा विदेशों में श्रमण संस्क्रति के प्रमाण आज भी उपलब्ध हैं, जिनमें जैन धर्मग्रंथों के संदर्भ स्पष्ट रूप से अंकित हैं। इन प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि जैन धर्म केवल आस्था का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी प्राचीन धर्म है। उन्होंने जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा के वैज्ञानिक स्वरूप को दर्शाया और परस्पहरोह जीवानाम को जैन दर्शन का प्रमुख सूत्र बताया। इसके पूर्व बैज्ञानिक डॉ राजमल जैन ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में उत्तरांचल तीर्थ क्षेत्र समिति की अध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने संबोधित किया। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टड़ैया, महामंत्री आकाश जैन, कैप्टन राजकुमार जैन, सतीश नजा, मनोज जैन बबीना मौजूद रहे।

### रामलीला के चौथे दिवस में वृंदावन के कलाकारों ने मोहा मन

## जनकपुर अवलोकन, पुष्प वाटिक लीला का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के चौथे दिवस में जनकपुर अवलोकन एवं पुष्प वाटिका प्रसंग की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन के श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के प्रथम दृश्य में मुनि विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को राक्षसों का दमन करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात श्रीराम ने एक पत्थर की शिला देखकर उसके बारे में जिज्ञासा जाहिर की, तो मुनि विश्वामित्र ने बताया कि यह



किसी समय गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या थी जो श्राप के चलते पाषाण की शिला बन गयी थी। श्रीराम की चरण रज का स्पर्श पाकर अहिल्या का उद्धार हुआ। तत्पश्चात राम और लक्ष्मण गंगा के घाट पर पहुंचते हैं, जहां पंडा से रोचक संवाद होता है।लीला मंचन के अगले दृश्य में मिथिलापुर के राजा जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर में पधारने का विश्वामित्र को आमंत्रण भेजते हैं और मुनि अपने साथ राम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचते है। राम और लक्ष्मण अपने गुरु से नगर दर्शन करने की इच्छा जाहिर करते हैं। पुरवासी इन दोनो कुमारों को देखकर हर्षित होते हैं। झरोखा से सखियां उनकी शोभा देखती हैं।

#### सीता को मां गौरी आशीर्वाद देती हैं कि तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी

लीला मंचन के अगले दृश्य में गुरु जी की पूजा के लिए राम और लक्ष्मण पुष्प चुनने के लिये पुष्प वाटिका में जाते हैं , जहां बागवान से रोचक संवाद हुआ। उसी समय सीता अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन करने वाटिका में जाती हैं और लता की ओट से श्रीराम को देखती हैं। राम और सीता के प्रथम मिलन के क्षण आनंदित करने वाले रहे। सीताजी को मां गौरी आशीर्वाद देती हैं कि तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी । इसके बाद भगवान श्री राम की आरती की जाती है और लीला को यहीं पर विराम दिया जाता है। कार्यक्रम मेंउपस्थित आयोजक महन्त गंगादास जी महाराज श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर, प्रदीपचौबे कौस्तुव चौबे रामेश्वर प्रसाद सडैया, सुभाष जायसवाल, बब्बू राजा बुन्देला,वी. के. सरदार, अजय तिवारी नीलू धर्मेन्द्र रावत, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव कुमार बबेले संजय ड्योडिया, अजय पटैरिया, भगवत नारायण वाजपेयी, राव राजा, अशोक पटैरिया विलास पटैरिया, उदित , बांबी राजा राजेन्द्र वाजपेयी, मनीष विश्वकर्मा, मनीष सडैया, हदेश हुण्डैत, विवेक सडैया, हरीशंकर साहू, संजय अवस्थी, राजू यादव, राहुल साहू खिरिया, चंद्रशेखर राठौर, अभय स्वामी स्पीकर, गोलू श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव,अजय नायक, प्रभाकर शर्मा, अजय तोमर, करुणाकर शर्मा बाबू अभिषेक निरंजन छक्की लाल साहू, निखिल तिवारी धर्मेन्द्र यादव, अनुज दीक्षित, डा विक्रांत तोमर, कल्लू तिवारी, जगदीश पाठक अरविन्द संज्ञा, मुकेश गुप्ता, हरनाम सिंह तोमर, रंजीत राजा वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार सोनी अमित राठौर अशीष तिवारी, चंदे साहू,प्रेम बिहारी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पंकज रायकवार । भगवान राम की भूमिका में अनुज कुमार, लक्ष्मण पुण्डरीक शर्मा, जानकी विष्णु शर्मा, विश्वामित्र चंद्रशेखर कौशिक, जनक भरत लाल शर्मा, संगीतकार गोपाल प्रसाद, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार, हरिओम शर्मा, हरिप्रसाद।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले- धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक का पर्व है दशहरा

# नए दशहरा मैदान का निरीक्षण, रावण दहन की तैयारियों का लिया जायजा





**निरीक्षण के मुख्य बिंदु**

- दर्शकों के प्रवेश और निकास हेतु सुव्यवस्थित प्रवेश द्वार और मार्ग बनाए जाएं।
- पूरे मैदान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि हर क्षेत्र पूर्णत: रोशन रहे।
- वाहन पार्किंग हेतु अलग से सुरक्षित पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाए।
- किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दल की तैनाती रहे।
- नागरिकों की सुरक्षा हेतु चिकित्सा दल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आगामी विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले भव्य रावण पुतला दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर पालिका की टीम ने आज दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सुरक्षा, व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा पूरा आयोजन सुरक्षित और अनुशासित तरीके से सम्पन्न हो। मुख्य नगरपालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है और साथ ही इस विजयदशमी पर होने वाले रावण का पुतला भी 51 से 55 फिट के आसपास ही रखा जाएगा।

### धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक है दशहरा: नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि

निरीक्षण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कहा कि दशहरा केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सत्य, धर्म और मर्यादा की विजय का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप ने भी कहा कि रावण दहन का यह आयोजन नगर का गौरव है और इसे हर बार की तरह इस बार भी भव्य और सुरक्षित रूप में सम्पन्न किया जाएगा। इस दौरान पार्षद गण पूनम मेवाड़े, रामबाबू प्रजापति, गोपाल जाटव, कैलाश कुशवाह, गिरराज शाक्यवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं अखाड़ों के उस्ताज भी मौजूद रहे। परिषद के सदस्यों ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल होंगे, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लें और विजयादशमी पर्व को शांति व भाईचारे के वातावरण में मनाएं।

पेड़ पर लगा था छत्ता, मधुमक्खियों ने अचानक कर दिया हमला

# मधुमक्खियों के हमले में 2 बच्चों, एक महिला सहित सात लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के रानीपुरा गांव में सैकड़ों मधुमक्खियों द्वारा अचानक किए गए हमले में सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे एवं एक महिला भी शामिल है।

घटना के बाद आसपास एकत्रित ग्रामीणों व अन्य लोगों की सहायता से सातों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई गई जहां सभी का ईलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह रानीपुरा गांव निवासी कैलाश तंवर के खेत से सोयाबीन काटने का काम चल रहा था। समीप ही लगे नीम के पेड़ पर मधुमक्खियों का एक छत्ता भी लगा हुआ था। इस दौरान जब ग्रामीणजन पेड़ के नीचे पानी पी रहे थे तभी अचानक गुस्साई मधुक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों इतनी तादाद में थी कि किसी को वहां से भागने या उनसे बचने का मौका नहीं मिला। मधुमक्खियों ने सभी को कईं जगह ढंक मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घायलों में कैलाश तंवर उम्र 35 वर्ष, कमल तंवर उम्र 32 वर्ष, रामबाबू तंवर उम्र 17 वर्ष, लीलाबाई उम्र 45 वर्ष एवं संदीप व बंटी उम्र क्रमशः 7 एवं 4 वर्ष शामिल हैं।

### लगातार बढ़ रहे मधुमक्खियों के हमले

क्षेत्र में मधुमक्खियों द्वारा मानवों पर अचानक हमला किए जाने के मामले लगातार बढ़ते ही जा रही हैं। बीते एक वर्ष के दौरान अनेकों स्थानों से मधुमक्खियों द्वारा लोगों को काटने के माले सामने आ चुके हैं। कुछ माह पूर्व समीपस्थ हिरनखेड़ी ग्राम में एक धार्मिक आयोजन के दौरान मधुमक्खियों द्वारा एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल करने की घटना हुई थी।

## एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न



**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद खुजनेर में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता आयोजन किए जा रहे इसी कड़ी में 25 सितंबर को स्वच्छता श्रम दान एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः 8 बजे नगर के न्यू दशहरा मैदान पर सामूहिक श्रम दान किया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा दशहरा मैदान व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चैराह की साफ सफाई कर श्रम दान किया गया इस अवसर पर केदार काका द्वारा सभी से नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की कार्यक्रम में पंकज शर्मा पूर्व न.प.अध्यक्ष पार्षद कमल यादव, पार्षद रामचरण यादव, पार्षद मुकेश यादव, जन अभियान परिषद से दयाराम यादव सुरेश यादव नवनीत पटेल सहित न. प. से भूपेंद्र लोहिया अमित यादव प्रभारी दरोगा जगदीश यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महज 170 रुपए जमा करके बिजली कनेक्शन में परिवर्तित होगा नाम

### विद्युत कंपनी ने सरल की नाम परिवर्तन की प्रक्रिया

**राजगढ़।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजगढ़ सहित 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्य से विद्युत कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है। अब उपभोक्ताओं को उनके परिसरों में पूर्व से विद्यमान कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान हो गया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करना है वह कंपनी की वेबसाइट में एलटी सर्विसेस में दिये गये नेम ट्रांसफर अथवा सीधे सरल संयोजन पोर्टल पर जाकर यूजफुल लिंक्स में दिये गये अप्लाय फॉर अदर सर्विसेस के माध्यम से आसानी नाम परिवर्तन करवा सकते हैं। विद्युत उपभोक्ताओं को नाम परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान अपना आईवीआरएस नंबर, संबंधित का समग्र आईडी, पेन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्ताअवेज अपलोड करने होंगे। इसके उपरांत बिजली कनेक्शन से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर निर्धारित शुल्क 170 रुपए का भुगतान करना होगा। ऑनलाइन आवेदन देने के पश्चात उपभोक्ता आवेदन क्रमांक अथवा मोबाइल नंबर से आवेदन की स्थिति भी देख सकते हैं।

प्लास्टिक मुक्ति के लिए नपा व प्रशासन ने चलाया अभियान

# दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर बांटे कपड़े के बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हमारे पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। इसके बावजूद अमूमन सभी बड़े-छोटे प्रतिष्ठानों पर इनका उपयोग होते आसानी से देखा जा सकता है। मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए प्रशासन एवं नगर पालिका की टीम ने प्लास्टिम का उपयोग रोकने जागरुकता अभियान चलाया है।

इसके तहत डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे, सीएमओ के.के. शर्मा, डूडा अधिकारी साहू, स्वच्छता नोडल अधिकारी व टीम बाजार पहुंची सब्जी एवं फल विक्रेताओं सहित फुटकर व बड़े प्रतिष्ठान संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते हुए दुकानों से उन्हें जब्ती में लेने की कार्यवाही भी की गई। इस दौरान दुकानदारों को समझाईस दी गई कि पॉलीथीन बैग, थर्माकोल प्लेट, प्लास्टिक कप, बोतल जैसी वस्तुएं न केवल हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करती जा रही हैं बल्कि स्वच्छता एवं मानव स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर डाल रही हैं। दुकानदारों से पॉलीथीन जब्त करने के बाद उन्हें कपड़े के बैग भी वितरित किए गए। अधिकारीगणों ने व्यापारीगणों से अपील की है कि वे ग्राहकों को सामान देने के लिए कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें।

### पार्क में किया पौधरोपण

पर्यावरण संरक्षण की कड़ी में नपा द्वारा गुरुवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय राजीव गांधी पार्क में पौधरोपण करवाया गया। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्धाज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू एवं नपा की टीम ने सहभागिता करते हुए पार्क में विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे। नपाध्यक्ष साहू ने रौपे गए पौधों की देखभाल के लिए कर्मचारियों को पाबंद करते हुए तल्ख निर्देश दिए कि पेड़ बनने तक निरंतर पौधों की देखभाल की जाए।



## महाविद्यालय में छात्राओं के लिया लगा निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप

**खिलचीपुर।** शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर मे गुरुवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत व कलेक्टर राजगढ़ के निर्देश के परिपालन में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार दांगी नें की। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धर्मवीर सिंह नागर व थाना प्रभारी खिलचीपुर उमाशंकर मुकाती नें ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता पर छात्राओं को मार्गदर्शन दिया तथा जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन मे परिवहन विभाग की टीम के कर्मचारी छोटेलाल जाटव, शरद विजय, जीतेन्द्र जाट, घनश्याम तोमर ने उपस्थित होकर शिविर मे छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करवाई एवं मोके पर ही लायसेंस बनाकर दिए गए। महाविद्यालय मे लगा यह कैंप पूर्ण रूप से निशुल्क था, उक्त लाइसेंस कैंप में महाविद्यालय मे छात्राओं ने लाइसेंस कैंप का फायदा लेकर अपने लाइसेंस बनवाए उक्त कार्यक्रम में आरटीओ टीम सहित महाविद्यालय के आनंद सिंह ठाकुर, रमाकांत अठ्या,गोकुल प्रसाद जाटव,हितेश गुरगेला, दिलीप सिंह भिलाला,डा रामबाबू दांगी, हरिओम गुरगेला व लोक सेवा केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्होंने लाइसेंस बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

पचोर महाविद्यालय में करवाया गया था आयोजन

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में नरसिंहगढ़ ने राजगढ़ को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय वीर सावरकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचोर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ और पचोर की टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रथम चरण के लीग मैचों के रोचक मुकाबलों के बाद फाइनल में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय और पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ के बीच फाईनल खेला गया। संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय ने शानदार रणनीति का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि राजगढ़ महाविद्यालय उप विजेता रहा। समापन अवसर पर विजेता टीम को शील्ड और प्रमाणपत्र तथा उपविजेता टीम को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ कॉलेज प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शतरंज एक ऐसा खेल है जो विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, एकाग्रता और निर्णय क्षमता को निखारता है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतियोगी भावना जागृत होती है और वे उच्च स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं।

**शतरंज धैर्य, त्वरित निर्णय क्षमता का सशक्त माध्यम:** कार्यक्रम का शुभारंभ पचोर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीराम जटिया की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों में त्वरित निर्णय क्षमता, धैर्य और मानसिक संतुलन विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

## जन समस्याओं को लेकर वार्ड 13 की महिलाओं ने पार्षद का किया घेराव



**नरसिंहगढ़।** शहर के वार्ड क्रमांक 13 में सड़क, नाली , लेंप आदि जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को वार्ड की महिलाओं ने पार्षद दीपक शर्मा के घर का घेराव किया। इस दौरान महिलाओं ने वार्ड की समस्याऐं गिनाते हुए इन्हे सुचारू किए जाने की मांग की। महिलाओं ने जल्द समस्याओं का समाधान नही होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। लोगो का कहना है कि कई साल बीत जाने के बाद भी वार्ड में समस्याऐं बनी हुई है जिसके कारण रहवासियो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि वह कई बार नपा जनप्रतिनिधि और अधिकारियो ने इन समस्याओं को दूर किए जाने की मांग कर चुकी है। लेकिन उनकी परेशानियां की तरफ कोई ध्यान नही दे रहे है। ऐसे में अब महिलाऐं विरोध प्रदर्शन कर रही है। इधर महिलाओं की शिकायत पर पार्षद ने वार्डवासियो के साथ मिलकर नपा के खिलाफ प्रदर्शन करने की बात कही है। उन्होने नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा पर भृष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है।

## विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा शास्त्र पूजन कर निकाली शक्ति यात्रा



**माचलपुर।** गुरुवार सुबह नगर के सराफ मैरिज गार्डन में एकत्रित के पश्चात शास्त्र पूजन कर दुर्गा वाहिनी का संचालन नगर में निकला जिसमे बड़ी संख्या दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता दंड भगवा ध्वज लेकर कदमताल करते हुए डीजे की धुन पर चल रही थी यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जिसका नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा स्वागत किया। यात्रा वापस सराफ गार्डन पहुंची जहां मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिला आकांक्षा दुबे ने दुर्गा वाहिनी के उद्देश्य और संगठन में बहनों की भूमिका पर प्रकाश डाला ! कार्यक्रम में जिला संयोजिका रामकला तोमर मातृ शक्ति जिला संयोजिका नंदनी वैष्णव विश्व हिंदू परिषद से लक्ष्मण गुर्जर दीपक मारु भानु सिंह चैहान यदुनंदन त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान में जुटे ग्रामीण

**खुजनेर।** एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम ग्राम पंचायत चैंडापुरा में आयोजित किया गया। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े अंतर्गत आज राजगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों के चयनित ब्ज्न पर ग्राम पंचायत चैंडापुरा में स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय ब्लॉक समन्वयक , व अन्य ग्रामीणजनो ने मिलकर एकीकृत शाला भवन, सामुदायिक परिसर में साफ सफाई की गई, श्रमदान के शपथ सफाईकर्मियों को स्वच्छता किट झाड़ू एवं फावड़ा प्रदाय किये गए व बाद में प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने के लिए जिला समन्वयक द्वारा ग्रामीणों को समझाइस देते हुए उससे होने वाली हानि की जानकारी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न



**कुरावर।** गुरुवार को गल्ला मंडी केसरी नंदन हनुमान मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई इसमें सर्व समिति से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के मध्य भारत छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अध्यक्ष अतुल कुमार राठौर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया और प्रांत मंत्री प्रकाश परमार विभाग महामंत्री दीपक पाठक की अनुशंसा से विभाग राजगढ़ एवं ब्यावरा जिला के विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा विभाग उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया जिला ब्यावरा अध्यक्ष भारत सिंह मीणा जिला उपाध्यक्ष मनोज मेवाडे उपाध्यक्ष कैलाश मीणा जिला महामंत्री नंदकिशोर चैधरी जिला मीडिया प्रभारी रामस्वरूप वर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष रवि धाकड़ उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर कार्यकारिणी घोषित की।

सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

# मां बिजासन के दर्शन कर 2100 पौधों का सामूहिक रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नवरात्रि के पावन अवसर पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक आयोजन देखा। प्रदेश सरकार के लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्यम मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने मां भैंसवा माता (मां बिजासन देवी) मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि, शांति व जनकल्याण की कामना की।इसके बाद मंत्री कश्यप ने नमो उपवन परिसर में 'मां के नाम एक पौधा' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में 2100 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने कहा कि "नवरात्रि का यह अवसर धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। पौधरोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवनदायी कदम है।

### सेवा पखवाड़ा पर संगोष्ठी

दौरे का दूसरा प्रमुख कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत संगोष्ठी रही, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती को समर्पित थी। विषय था जीवन परिचय, आत्मनिर्भर भारत एवं एकात्म मानववाद। मुख्य अतिथि मंत्री चैतन्य कश्यप, मुख्य वक्ता भाजपा उपाध्यक्ष पंकज जोशी और सांसद रोडमल नागर मंचासीन रहे। इसी दौरान पंकज जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को समझने का प्रयास है। अंत्योदय की अवधारणा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के रूप में साकार हो रही है। वही सांसद रोडमल नागर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीब, महिला, किसान और नौजवान को नई शक्ति और विश्वास दे रही हैं। प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अपने संसाधनों और कौशल से करना। छोटे, मध्यम और सूक्ष्म उद्योग इस दिशा में रीढ़ की हड्डी हैं। सरकार इन उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दे रही है।

### विकास योजनाओं पर प्रकाश

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने जिले में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, लाड़ली बहना योजना, ई-स्कूटी योजना और मोहनपुरा-कुण्डालिया डेम परियोजनाएं किसानों व आमजन के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

### संकल्प के साथ समापन

संगोष्ठी का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर आत्मनिर्भर, समरस और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। अंत में सभी अतिथियों को मां बिजासन देवी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी,भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी,विधायक अमर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।